Seat No. : _______________

# DF-112-H

**December-2013**

## B.Com. (Sem.-III)

## CC-203 : Taxation-I

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

**सूचना : सभी** प्रश्नों के गुण समान हैं

1. (A) आकस्मिक आय उदाहरण सहित समझाइए और उसके अपवाद बताइए । **7**

**अथवा**

कृषि आय से क्या तात्पर्य है ? बिन-कृषि आय के कोई चार उदाहरण दीजिए ।

(B) निम्नलिखित **तीन** में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : **4**

(1) पिछला वर्ष और कर-निर्धारण वर्ष

(2) 'प्रत्यक्ष कर का मध्यस्थ बोर्ड' (Central Board of Direct Taxes) पर नोट लिखिए ।

(3) 'व्यक्ति' की व्याख्या के संदर्भ में निम्नलिखित का वर्गीकरण कीजिए :

(i) AB प्लास्टिक कं. लिमिटेड

(ii) वडोदरा म्युनिसिपेलिटी

(iii) बादशाह ब्रदर्स

(iv) चेम्बर ऑफ कोमर्स

(C) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की परिभाषा दीजिए : **3**

(i) उत्पाद शुल्क

(ii) सीमा शुल्क

(iii) सर्विस टेक्स

2. (A) श्री नील की वित्तीय वर्ष 2012-13 की आय की जानकारी निम्नानुसार थी : **7**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | भारत में अर्जित व्यवसाय की आय | ₹ 4,00,000 |
| (2) | अमेरिका से नियंत्रित भारत के व्यवसाय का लाभ | ₹ 50,000 |
| (3) | विदेश में चल रहे व्यवसाय की आय जो भारत में लाये नहीं | ₹ 65,000 |

(4) विदेशी प्रतिभूतियों पर ब्याज की आय जिसकी 50% राशि भारत में से प्राप्त की थी ₹ 10,000

(5) भारतीय कंपनी के शेयर पर प्राप्त डिविडन्ड ₹ 20,000

(6) भूतपूर्व भारतीय मालिक के पास से यू.के. में प्राप्त पेन्शन ₹ 90,000

(7) बांग्लादेश में प्राप्त कृषि आय ₹ 75,000

निम्नलिखित प्रत्येक परिस्थिति में उनके कर निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए कुल ग्रोस आय की गणना कीजिए :

(i) यदि वह सामान्य निवासी हो ।

(ii) यदि वह निवासी है, परन्तु सामान्य निवासी नहीं ।

(iii) यदि वह बिननिवासी हो ।

**अथवा**

श्री नमन परदेश से भारत में पहली बार आये, वह भारत में निम्नानुसार उपस्थित रहे हैं :

| पिछला वर्ष | भारत में उपस्थिति के दिन |
|---|---|
| 2008-09 | 150 |
| 2009-10 | 170 |
| 2010-11 | 90 |
| 2011-12 | 110 |
| 2012-13 | 105 |

पिछले वर्ष 2012-13 के लिए उनकी आवासीय स्थिति निर्धारित कीजिए ।

(B) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए : **4**

(1) कर मुक्त आय के चार उदाहरण दीजिए ।

(2) प्रतिभूतियों पर प्राप्त ब्याज पर स्रोत पर कर कटौती के संदर्भ में आयकर के प्रावधान बताइए ।

(3) कोई चार लेन-देन के उदाहरण दीजिए जिसमें करदाता को पान नंबर दर्शाना अनिवार्य होता है ।

(C) सूचना अनुसार किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : **3**

(1) वर्ष दौरान करदाता को कौन सी तिथि पर अग्रिम कर की राशि भरनी होती है ?

(2) जब व्यक्तिगत करदाता मानसिक रूप से अयोग्य हो तो आय के पत्रक पर कौन हस्ताक्षर कर सकता है ?

(3) स्वयं करनिर्धारण का अर्थ समझाइए ।

3. श्री निरव पटेल मुंबई में विशिष्ट कर्मचारी है, पिछले वर्ष 2012-13 के लिए निम्नलिखित जानकारी देते हैं । उनके कर युक्त वेतन के आय की गणना कीजिए : **14**

(1) उनका मासिक मूल वेतन ता. 30-9-2012 तक ₹ 25,000 था, जो ता. 1-10-2012 से बढ़ाकर मासिक ₹ 30,000 किया गया था ।

(2) महँगाई भत्ता-मूल वेतन का 50% (जिसमें 40% राशि सेवानिवृत्ति के लाभ हेतु गिनी जाती है ।)

(3) मेडिकल भत्ता मासिक ₹ 300, बोनस ₹ 20,000, मनोरंजन भत्ता ₹ 5,000

(4) तीन बच्चों के लिए शिक्षा भत्ता प्रत्येक को मासिक ₹ 300

(5) वार्षिक 12% अनुसार मान्य प्रोविडन्ट फंड में जमा हुआ ब्याज ₹ 24,000

(6) मान्य प्रोविडन्ट फंड में कंपनी का योगदान ₹ 55,000 और कर्मचारी का योगदान ₹ 27,000 है ।

(7) उनको कंपनी के द्वारा एक आवास की सुविधा दी जाती है जिसके लिए कम्पनी मासिक ₹ 8,000 भाड़ा चुकाती है । इसके अतिरिक्त कंपनी ₹ 2,00,000 का फर्निचर देती है । इसके लिए वेतन में से ₹ 2,000 की कटौती की जाती है ।

(8) कर्मचारी के बदले कंपनी ने चुकाया जीवन बीमा प्रीमियम ₹ 25,000

(9) उसने मान्य प्रोविडन्ट फंड में ₹ 70,000 का निवेश किया है ।

(10) कंपनी ने 1.8 लीटर क्युबिक कैपेसीटी की कार ऑफिस एवं निजी काम के लिए दी है ।

(11) कर्मचारी ने चुकाया व्यवसाय कर मासिक ₹ 200

(12) कंपनी ने चौकीदार और माली का वेतन क्रमश: ₹ 2500 और 2000 चुकाया है ।

**अथवा**

(A) मुंबई के श्री सचीन वार्षिक ₹ 6,00,000 का मूल वेतन, वार्षिक ₹ 3,00,000 का महँगाई भत्ता और ₹ 60,000 का कमिशन प्राप्त करते हैं । उन्हें मकान किराये के रूप में मासिक ₹ 8,000 मिलते हैं ।

आवासीय मकान का वास्तविक वार्षिक किराया ₹ 1,20,000 चुकाया है ।

कर निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए करयोग्य मकान किराया भत्ता निर्धारित कीजिए । **4**

(B) श्री सौरभ ता. 1-06-2012 के दिन 30 वर्ष 6 माह की सर्विस के बाद सेवानिवृत्त हुए है । सेवानिवृत्ति के दौरान उनको ₹ 6,50,000 ग्रेच्युटी प्राप्त हुई है । सेवानिवृत्ति की तारीख के आगे के 10 माह का उनका कुल वेतन ₹ 4,00,000 और महँगाई भत्ता ₹ 80,000 था । **4**

कर निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए करयोग्य ग्रेच्युटी की गणना कीजिए ।

(C) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : **6**

(1) करमुक्त अनुलाभ के कोई तीन उदाहरण दीजिए ।

(2) पब्लिक प्रोविडन्ट फंड पर एक टिप्पणी लिखिए ।

(3) निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को प्राप्त किराया मुक्त आवास की सुविधा के लिए आयकर अधिनियम के प्रावधान बताइए ।

4. (A) श्री डेनिम निम्नलिखित आवासों के मालिक है । पिछले वर्ष 2012-13 के लिए आवास सम्पत्ति की करयोग्य आय की गणना कीजिए : **7**

| | **विवरण** | **आवास-$x$** | **आवास-y** |
|---|---|---|---|
| | **सम्पत्ति का उपयोग** | **आवास हेतु किराये पर दिया (₹)** | **स्व-आवास (₹)** |
| 1. | म्युनिसिपल कर निर्धारण के अनुसार वार्षिक मूल्य | 60,000 | 45,000 |
| 2. | वार्षिक उचित किराया | 66,000 | 54,000 |
| 3. | प्रमाणित किराया | 54,000 | 60,000 |
| 4. | वार्षिक प्राप्य किराया | 72,000 | – |
| 5. | म्युनिसिपल कर | 10% | 10% |
| 6. | किराया प्राप्त करने का खर्च | 3,000 | – |
| 7. | आवास खाली रहने का समय | 1 माह | – |
| 8. | आवास निर्माण की लोन का ब्याज | 5,000 | 4,000 |
| 9. | निर्माण के दौरान चुकाये लोन का ब्याज | 10,000 | 5,000 |
| 10. | निर्माण समाप्ति का वर्ष | 2005-06 | 2009-10 |

**अथवा**

निम्नलिखित विवरण पर से कर निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए प्रत्येक आवास का शुद्ध वार्षिक मूल्य निर्धारित कीजिए : **7**

| | **विवरण** | **आवास नं.1 (₹)** | **आवास नं.2 (₹)** | **आवास नं.3 (₹)** | **आवास नं.4 (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | म्युनिसिपल कर निर्धारण अनुसार वार्षिक मूल्य | 72,000 | 1,20,000 | 2,40,000 | 1,50,000 |
| 2. | अपेक्षित वार्षिक मूल्य | 60,000 | 90,000 | 2,60,000 | 1,80,000 |
| 3. | वास्तविक प्राप्त किराया (मासिक) | 6,500 | 8,000 | – | – |
| 4. | प्रमाणित किराया | 55,000 | 1,24,000 | – | – |
| 5. | मालिक ने चुकाया स्थानिक कर | 6,000 | 8,000 | 9,000 | 7,000 |
| 6. | किरायेदार ने चुकाया कर | – | 2,000 | – | – |
| 7. | चुकाया गया भू-राजस्व | 300 | 400 | 600 | 500 |
| 8. | उपयोग का प्रकार | आवास हेतु किराये पर | व्यवसाय हेतु किराये पर | स्व-आवास हेतु | स्व-आवास हेतु |

(B) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : **4**

(1) किराये पर दिये मकान के शुद्ध वार्षिक मूल्य में से छूट प्राप्त कटौती ।

(2) स्व आवासीय मकान हेतु उधार ली हुई पूँजी के ब्याज की कटौती के प्रावधान बताइए ।

(3) आयकर से मुक्त आवासीय सम्पत्ति की आय के दो उदाहरण दीजिए ।

(C) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के उत्तर **एक** या **दो** लाईन में दीजिए : **3**

(1) वार्षिक मूल्य का अर्थ समझाइए ।

(2) यदि करदाता आवास-सम्पत्ति का उपयोग अपने व्यवसाय हेतु कर रहा हो तो उसकी आय की कर योग्यता बताइए ।

(3) उप-किरायेदार ने आवास-सम्पत्ति उप-किराये पर दी हो तो उसकी आय की कर योग्यता बताइए ।

5. निम्नलिखित उप-प्रश्नों के एक से ज्यादा उत्तर दिए गए हैं, जिसमें से केवल एक ही उत्तर सही है । उत्तर के समर्थन में आवश्यक गणना या स्पष्टीकरण दर्शाइए : **14**

(1) निम्नलिखित में से कौन सी आय प्रत्यक्ष कर के रूप में गिनी जाती है ?

(a) सेवा कर (b) उत्पाद शुल्क

(c) आय कर (d) सीमा शुल्क

(2) आयकर की राशि पर सेकन्डरी और उच्च शिक्षा उप कर ______ के अनुसार गिना जाता है ।

(a) 4% (b) 3%

(c) 2% (d) 1%

(3) आयकर कानून के प्रशासन की सर्वोच्च सत्ता _______ है ।

(a) वित्त विभाग (b) प्रत्यक्ष कर का मध्यस्थ बोर्ड

(c) आयकर का निदेशक (d) आयकर अधिकारी

(4) निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सही है ?

(a) श्रीलंका में प्राप्त कृषि की आय बिन-आवासीय के लिए करयोग्य है ।

(b) आय कर भरने की जिम्मेवारी कर चुकाने वाले की आवासीय स्थिति के आधार पर निर्धारित होती है ।

(c) कर दायित्व का आधार करदाता की नागरिकता, आयु और आवासिय स्थिति पर आधारित है ।

(d) उपर्युक्त कोई भी कथन सही नहीं है ।

(5) यदि नीचे दी गई राशि से ज्यादा राशि कर के रूप में भरने योग्य हो केवल तभी करदाता की अग्रिम कर भरने की जिम्मेवारी बनती है ।

(a) ₹ 2,500 से ज्यादा (b) ₹ 5,000 से ज्यादा

(c) ₹ 10,000 से ज्यादा (d) ₹ 15,000 से ज्यादा

(6) वेतनभोगी व्यक्ति की कर निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए आय पत्रक भरने की अंतिम तारीख ________ है ।

(a) 31, मार्च (b) 30, अप्रैल

(c) 31, जुलाई (d) 30, सितंबर

(7) लाटरी की आय ₹ 10,000 से ज्यादा हो तो इनाम की कुल राशि का ________ मूल स्थान से आय कर के रूप में काट लिया जाता है ।

(a) 30% (b) 33%

(c) 20% (d) 10%

(8) किसी भी बैंक में _____ से ज्यादा राशि की टाइम डिपोजिट रखते समय कायमी खाता नंबर दर्शाना अनिवार्य है ।

(a) ₹ 20,000 (b) ₹ 50,000

(c) ₹ 1,00,000 (d) ₹ 1,50,000

(9) श्री मार्शल मुंबई में विशिष्ट कर्मचारी के रूप में मूल वेतन मासिक ₹ 30,000, महँगाई भत्ता वार्षिक ₹ 50,000 और कमिशन ₹ 20,000 प्राप्त करते है । कंपनी ने उनकी ओर से क्लब फीस के ₹ 5,000 भी चुकाये हैं । उनको सुविधा के रूप में प्राप्त बिना किराये के मकान में कंपनी ने ₹ 1,50,000 मूल कीमत का फर्निचर दिया है ।

बिना किराये के आवासीय सुविधा की कर योग्य कीमत कितनी होगी ?

(a) ₹ 28,500 (b) ₹ 38,000

(c) ₹ 57,000 (d) ₹ 72,000

(10) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त मुआवजे की महत्तम सीमा क्या है ?

(a) ₹ 10,00,000 (b) ₹ 5,00,000

(c) ₹ 3,50,000 (d) ₹ 3,00,000

(11) निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(a) वाहन व्यवहार भत्ता प्रति माह ₹ 800 करमुक्त है ।

(b) मालिक का मान्य प्रोविडन्ट फंड में योगदान मूल वेतन का 12% तक करमुक्त है ।

(c) मान्य प्रोविडन्ट फंड में जमा हुआ ब्याज वार्षिक 10.5% तक करमुक्त है ।

(d) कर्मचारिओ के बच्चों के होस्टेल खर्च के लिए प्राप्त भत्तें में ज्यादा से ज्यादा 2 बच्चों के लिए प्रत्येक के लिए मासिक ₹ 300 करमुक्त है ।

(12) श्री Y की मालिकी का मकान वार्षिक ₹ 72,000 की दर से आवास के लिए किराये पर दिया है । आवास का उचित किराया ₹ 80,000 है । म्युनिसिपल कर निर्धारण अनुसार वार्षिक मूल्य ₹ 60,000 है । स्थानीय कर 10% की दर पर चुकाया है । कर निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए उनकी आवासीय सम्पत्ति की करयोग्य आय ज्ञात कीजिए ।

(a) ₹ 74,000 (b) ₹ 51,800

(c) ₹ 56,000 (d) ₹ 80,000

(13) किराये पर दिये आवास के शुद्ध वार्षिक मूल्य में से _____ राशि की प्रमाणित कटौती के रूप में छूट मिलती है ।

(a) 30% (b) 20%

(c) 15% (d) 10%

(14) निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सत्य है ?

(a) वसूल न हो सके ऐसा किराया शुद्ध वार्षिक मूल्य में से कटौती के रूप में घटाकर मिलता है ।

(b) वार्षिक मूल्य का अर्थ वास्तविक किराया – स्थानिक कर होता है ।

(c) किरायेदार ने चुकाये म्युनिसिपल कर ग्रोस वार्षिक आय में से घटाकर मिलते हैं ।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं